an>

Title: Need to run an additional DEMU train from Balaghat to Seoni in Madhya Pradesh.

श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल के विÂषय पर बोलने का अवसर दिया, इसलिए मैं आपका ह्दय से आभार व्यक्त करता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट-सिवनी (मध्य प्रदेश) में पर्याप्त रेल सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण जनता को आवागमन हेतु अत्यधिक परेशानी हो रही है। चूंकि वर्तमान में बालाघाट से जबलपुर, मंडला, सिवनी, नागपुर मार्ग पर ब्रॉडगेज कार्य प्रारंभ है। नैरोगेज मार्ग बंद हो चुका है। एकमात्र गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी रेलमार्ग से ही यात्रियों का आना-जाना हो रहा है। इस समय गोंदिया, बालाघाट से वारासिवनी, कटंगी तक यात्रियों के आने-जाने हेतु मात्र दो डेमू ट्रेन ही संचालित होने के कारण अधिकांश यात्री ट्रेन में जगह नहीं मिलने के कारण यात्रा से वंचित हो रहे हैं तथा भीड़ अधिक हो जाने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से ही जनता को गोंदिया जंक्शन से रायपुर, बिलासपुर, कोलकाता तथा नागपुर, मुम्बई, दिल्ली तक आना-जाना होता है। यह मार्ग ब्रॉडगेज हो चुका है किन्तु रेल मार्ग विद्युतीकरण नहीं होने के कारण इस मार्ग पर इलैक्ट्रिक से चलने वाली ट्रेनें संचालित नहीं हो रही हैं। अत: माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करता हूं कि तत्काल इस मार्ग पर एक अतिरिक्त डेमू ट्रेन उपलब्ध कराएं जिससे जनता की परेशानी दूर हो सके तथा आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री बोध सिंह भगत द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।